Roll No. ..................................

# DD–2045

## B. Com. (Part III) EXAMINATION, 2020

(Group—II : Compulsory)

Paper First

INDIRECT TAXES WITH GST

*Time : Three Hours*

*Maximum Marks : 75*

*Minimum Pass Marks : 25*

नोट : सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न करना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Attempt all the *five* questions. *One* question from each Unit is compulsory. All questions carry equal marks.

### इकाई—1

### (UNIT—1)

1\. 'मुक्त आयात' एवं 'प्रतिबन्धात्मक आयात' से क्या आशय है ? भारत में मुक्त आयात एवं प्रतिबन्धित आयात की मदों की विवेचना कीजिए।

What do you mean by 'Free Import' and 'Restricted Import' ? Discuss the items covered under free import and restricted import in India.

अथवा

(*Or*)

एक आयातक ने एक मशीन को अमेरिका से जनवरी, 2019 में आयात के लिए आदेश भेजा। मशीन का भारत में 5 अगस्त, 2019 को प्रवेश हुआ। मशीन का बीजक मूल्य 15,000 डॉलर था। अन्य जानकारियाँ निम्न प्रकार हैं :

(i) अमेरिका से भारतीय बन्दरगाह तक का भाड़ा 800 डॉलर था।

(ii) भारतीय बीमा कम्पनी को बीमा प्रीमियम चुकाया ₹ 20,064 ।

(iii) डिजाइन एवं विकास व्यय 2,500 डॉलर थे, जो कि अमेरिका की एक कम्पनी को चुकाये गये।

(iv) आयातक ने भारत में मशीनरी के विकास कार्य के लिए ₹ 60,000 व्यय किये।

(v) भारतीय बन्दरगाह से आयातक के कारखाने तक मशीन को लाने के लिए भाड़ा व्यय ₹ 17,500 ।

(vi) रिजर्व बैंक द्वारा घोषित विनिमय दर 1 डॉलर = ₹ 42 थी।

(vii) केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 14(3) के अन्तर्गत अधिसूचित विनिमय दर 1 डॉलर = ₹ 41.70 ।

(viii) बैंक द्वारा आयातक से वसूल की गयी दर 1 डॉलर = ₹ 41.5 ।

(ix) विदेशी निर्यातक का भारत में एक एजेण्ट है, जिसे बीजक मूल्य पर भारतीय मुद्रा में 5% कमीशन दिया जाता है।

(x) सीमा शुल्क की दर जनवरी, 2019 में 10% थी, जिसे 1 अप्रैल, 2019 से घटाकर 5% कर दिया गया। सामाजिक कल्याण अधिभार 10% की दर से देय है एवं ऐसे माल पर भारत में जी. एस. टी. की दर 18% है।

कर-निर्धारण मूल्य एवं देय सीमा शुल्क ज्ञात कीजिए।





An importer sent an order for importing a machine from U.S.A. in January, 2019. The machine was entered in India on 5th August, 2019. Invoice price of machine was 15,000 Dollars. Other details are as follows :

(i) Freight from U.S.A. to Indian port was 800 Dollars.

(ii) Insurance was paid to insurer in India ₹ 20,064.

(iii) Design and development charges of 2,500 Dollars were paid to a consultancy firm in U.S.A.

(iv) The importer also spent an amount of ₹ 60,000 in India for development work connected with the machinery.

(v) ₹ 17,500 were spent in transporting the machine from Indian port to the factory of importer.

(vi) Rate of Exchange as announced by RBI was : ₹ 42 = one Dollar.

(vii) Rate of Exchange as announced by Central Board of Excise and Customs under Section 14(3) ₹ 41.70 = one Dollar.

(viii) Rate charged by bank who recovered the amount from importer : ₹ 41.5 = one Dollar.

(ix) Foreign exporter has an agent in India. Commission is payable to the agent in Indian rupees @ 5% of Invoice Price.

(x) Customs duty payable @ 10% in January, 2019, it was reduced to 5% from 1-4-2019. If similar goods were produced in India. Social welfare surcharge payable @ 10% and GST is applicable @ 18%.

Find out assessment price and customs duty payable.

इकाई—2

(UNIT—2)

2. छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत भारत में बनी विदेशी शराब के छत्तीसगढ़ में शुल्क के पूर्व भुगतान पर आयात से सम्बन्धित नियम एवं प्रक्रिया का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

Explain in brief the procedure and rules of Chhattisgarh Excise Act for the import of India made foreign liquor on pre-payment of duty in Chhattisgarh.

अथवा

*(Or)*

निम्नलिखित सूचनाओं से माह दिसम्बर, 2019 में निर्गमित मादक पदार्थों पर संग्रहीत आबकारी शुल्क की गणना कीजिए :

(i) ब्राण्डी, व्हिस्की और जिन (फैक्ट्री द्वार मूल्य ₹ 750 प्रति केस)

(अ) सीमा सुरक्षा बल के अधिकृत केन्टीन को 2005 प्रूफ लीटर

(ब) अन्य को 17050 प्रूफ लीटर

(ii) 42% से अधिक स्प्रिट वाली विदेशी शराब (फैक्ट्री द्वार मूल्य ₹ 600 प्रति केस) (12 बोतलों वाला)

(अ) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के केन्टीन को 850 प्रूफ लीटर

(ब) ठेकेदारों को 3700 प्रूफ लीटर

(iii) कॉर्डियल एवं मिश्रण :

(अ) मिलिट्री केन्टीन को 6700 प्रूफ लीटर

(ब) अन्य व्यापारियों को 12300 प्रूफ लीटर

संग्रहीत आबकारी शुल्क की गणना छत्तीसगढ़ आबकारी शुल्क अधिनियम के अन्तर्गत कीजिए।





Calculate Excise Duty collected during the month December, 2019 on the following information :

(i) Brandi, Whisky and Gin (Ex-factory rate ₹ 750 per case)

(a) To Authorised canteen of B. S. F. 2005 proof litre

(b) To others 17050 proof litre

(ii) Foreign liquor containing more than 42% of proof spirit (Ex-factory rate ₹ 600 per case contains 12 bottles)

(a) To Indo-Tibetan Border Police canteen 850 proof litre

(b) To contractors 3700 proof litre

(iii) Cordials and Mixtures :

(a) To Military canteen 6700 proof litre

(b) To other dealers 12300 proof litre

Compute Excise Duty collected under Chhattisgarh Excise Act.

इकाई—3

(UNIT—3)

3. जी. एस. टी. लागू किये जाने के बाद की स्थिति की समीक्षा कीजिए एवं सुधार हेतु सुझाव दीजिए।

Evaluate the position after implementation of GST and make suggestions for improvement in this regard.

अथवा

*(Or)*

राष्ट्रीय जी. एस. टी. एवं दोहरा जी. एस. टी. में अन्तर बताइये। भारत में दोहरा जी. एस. टी. अपनाने के क्या कारण रहे ?

Distinguish between National GST and Dual GST. What are the reasons for adoption Dual GST in India ?

इकाई—4

(UNIT—4)

4. माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन की विधि समझाइये तथा पंजीयन कराने और न कराने के प्रभाव बताइये।

Describe the procedure for Registration under GST Act. Point out impacts of to get registration or not.

अथवा

(*Or*)

विद्यासागर इंस्टीट्यूट जो कि विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों को सेवाएँ प्रदान करता है, 31-3-2019 को समाप्त तिमाही के लिए निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करता है :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | कॉन्वेन्ट स्कूल संचालित करने से प्राप्त शुल्क | 16,40,000 |
| (ii) | एक हायर सेकेण्डरी स्कूल को भवन किराये पर देने से आय | 2,88,000 |
| (iii) | एक कोचिंग क्लास को हॉल किराये पर देने से आय | 1,20,000 |
| (iv) | दोपहर भोजन (Midday meal) केटरिंग सेवा उपलब्ध कराने से प्राप्तियाँ | 3,60,000 |
| (v) | हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों को परिवहन सुविधा | 1,72,000 |
| (vi) | प्री-नर्सरी के बच्चों को सुरक्षा एवं देखरेख सेवा | 1,25,000 |
| (vii) | सी. ए. परीक्षाएँ संचालित करने से आय | 3,50,000 |

उपर्युक्त सेवाओं का मूल्य कर रहित है। सेवाओं का करयोग्य मूल्य एवं देय सेवाकर ज्ञात कीजिए।





Vidyasagar Institute engaged in providing various services to educational institution furnishes you with the following information for the first quarter ended 31-3-2019 :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Fees Received from running a convent school | 16,40,000 |
| (ii) | Renting of Building to higher secondary school | 2,88,000 |
| (iii) | Renting of a Hall to commercial coaching centre | 1,20,000 |
| (iv) | Mid-day meal catering services | 3,60,000 |
| (v) | Transportation services provided to students of higher secondary school | 1,72,000 |
| (vi) | Security and caretaker services provided to pre-nursery school | 1,25,000 |
| (vii) | Conduct of examination of ICAI | 3,50,000 |

You are required to determine the value of taxable service and service tax payable thereon if all charges are exclusive of service tax.

इकाई—5

(UNIT—5)

5. माल एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत विवरणी (रिटर्न) प्रस्तुत करने सम्बन्धी प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

Discuss the provisions regarding furnishing of returns under the Goods and Services Act.

अथवा

(*Or*)

एक निर्माता ने एक मशीन की पूर्ति के लिए निम्न शर्तों पर अनुबन्ध किया :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | मशीन का मूल्य | 3,30,000 |
| (ii) | मशीन के परीक्षण के व्यय | 6,400 |
| (iii) | पैकिंग व्यय | 16,500 |
| (iv) | निर्मित मशीन को ट्रांसपोर्ट से भेजने के वास्तविक व्यय | 8,700 |
| (v) | डिजाइन एवं ड्राइंग चार्जेस (मशीन के मूल्य में शामिल) | 19,500 |
| (vi) | जी. एस. टी. की दर | 12% |

कर प्राप्त योग्य मूल्य एवं देय जी. एस. टी. ज्ञात कीजिए। निर्माता ने मशीन निर्माण के लिए जो पूँजीगत सामान प्राप्त किया, उसमें ₹ 10,000 जी. एस. टी. के शामिल हैं। इसके अलावा अन्य साधन सामग्री (Inputs) पर चुकाये गये जी. एस. टी. की राशि ₹ 7,900 भी शामिल है।

A manufacturer has entered into contract for supply of a machine. The terms of contract are as follows :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Price of Machine | 3,30,000 |
| (ii) | Machine Inspection | 6,400 |
| (iii) | Packing Charges | 16,500 |
| (iv) | Transport cost for despatch of finished machine | 8,700 |
| (v) | Design and drawing charges included in price of machine | 19,500 |
| (vi) | GST Payable | 12% |





Find the taxable value and the GST payable. The manufacturer used capital goods to manufacture the machine which include GST ₹ 10,000. Besides inputs used during manufacturing consists GST paid ₹ 7,900 to suppliers.